बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम

(बिहार सरकार का उपक्रम)

कॉर्पोरेट पहचान सं0(CIN)- U45200BR1974SGC001126
प्रधान कार्यालय–कौटिल्य नगर, बि0वि0स0पु0–5, थाना–हवाई अड्डा थाना, पटना–800014.
फोन नं. 2223727 ई–मेल–policenigam@bihar.gov.in

संविदा के आधार पर नियोजन हेतु विज्ञापन

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम संविदा के आधार पर निम्नलिखित पद पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:–

निम्न वर्गीय लिपिक –कुल पद –12

(i) अनुसूचित जाति का 02 **पद,**

(ii) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग का 03 **पद** (01 पद अत्यन्त पिछड़ा वर्ग की महिला को क्षैतिज आरक्षण के तहत अनुमान्य है),

(iii) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का 01 **पद**

(iv) अनारक्षित का **6 पद** (02 पद अनारक्षित कोटि की महिला को क्षैतिज आरक्षण के तहत अनुमान्य है),

योग्यता– मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 10वीं एवं 12वीं दोनों कक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत प्राप्तांक के साथ उत्तीर्ण। कम्प्यूटर टंकण (अंग्रेजी एवं हिंदी) का ज्ञान सहित Basic knowledge of computer operations, Microsoft Excel, PowerPoint presentation, office applications and data handling का ज्ञान होना अनिवार्य है।

अनुभवः सरकारी उपक्रम/लोक उपक्रम/निजी संस्थान में समकक्ष पद पर कार्य करने का कम से कम 03 वर्षों का अनुभव (कंपनी/संस्थान का CIN/GSTIN युक्त अनिवार्य)। Accounting Software (Tally etc), basic bookkeeping/taxation का ज्ञान रखने वाले को प्राथमिकता।

पारिश्रमिक– रू0 28,000/– प्रति माह।

उम्र सीमा – दिनांक–01.12.2026 को न्यूनतम 21 वर्ष। अधिकतम आयु सीमा–अनारक्षित (पुरूष)–37 वर्ष/अनारक्षित (महिला)–40 वर्ष, अत्यंत पिछड़ा वर्ग पुरूष/महिला–40 वर्ष, अनु0 जाति –42 वर्ष।

नोटः– उपर्युक्त पदों पर बिहार राज्य के मूल वासी को ही आरक्षण का लाभ देय होगा।

अन्य जानकारी एवं शर्तें–

1. इच्छुक उम्मीदवार शैक्षणिक योग्यता (10वीं एवं 12वीं का अंक प्रमाण पत्र एवं अन्य), जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, EWS प्रमाण पत्र, जन्म तिथि से संबंधित प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र (कंपनी का CIN/GSTIN युक्त), कम्प्यूटर टाइपिंग प्रमाण पत्र (हिन्दी एवं अंग्रेजी), कम्प्यूटर का ज्ञान से संबंधित प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र एवं दस्तावेजों की पठनीय स्व–अभिप्रमाणित प्रति के साथ विहित प्रपत्र, जो निगम के वेबसाईट https://bpbcc.bihar.gov.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है, में आवेदन दिनांक–14.12.2026 के अपराह्न 5.30 बजे तक अपर पुलिस महानिदेशक सह–अध्यक्ष–सह प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, कौटिल्य नगर, पटना–14, बिहार के कार्यालय में डाक के माध्यम से या स्वयं उपस्थित होकर समर्पित कर सकते हैं। ईमेल के माध्यम से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय तक नहीं प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. वैसे अभ्यर्थी, जिनपर कोई आपराधिक मामला दर्ज हो/गंभीर आरोप विचाराधीन/दण्ड अधिरोपित हो/निगरानी का मामला/विभागीय कार्यवाही लंबित हो, की सेवाएँ नहीं ली जायेगी।
3. Shortlisted उम्मीदवारों को अंतर्वीक्षा की सूचना उनके द्वारा दिए गए ई–मेल पर/निगम के वेबसाईट पर दी जाएगी।
4. अंतर्वीक्षा के समय अभ्यर्थी जन्म तिथि से संबंधित प्रमाण–पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, कम्प्यूटर का ज्ञान से संबंधित प्रमाण पत्र, Accounting Software (Tally etc), basic bookkeeping/ taxation का यदि ज्ञान हो तो उससे संबंधित प्रमाण पत्र एवं अन्य संबंधित प्रमाण पत्र की मूल प्रति अपने साथ रखेंगे।
5. यह नियोजन एक वर्ष के लिए की जायेगी। आवश्यकतानुसार दक्षता एवं कार्यक्षमता के आधार पर यह अवधि बढ़ायी जा सकती है।
6. संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति सरकारी सेवक नहीं माने जायेंगे एवं सरकारी सेवक को अनुमान्य किसी भी सुविधा के हकदार नहीं होंगे तथा नियोजन के बाद नियमितीकरण का दावा मान्य नहीं होगा। यह नियोजन अस्थायी होगा।
7. संविदा की अवधि समाप्ति के पूर्व यदि उनकी अवधि विस्तार नहीं की जाती है, तो नियोजन स्वतः समाप्त समझा जाएगा, इसके लिए कोई आदेश निर्गत किया जाना अपेक्षित नहीं होगा।
8. अंतर्वीक्षा हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
9. नियोजन हेतु चयन, निगम द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

ह0/–
सचिव

ज्ञापांक–.....HO 3952 (B)..... दिनांक–.....19/11/2026

प्रतिलिपिः– श्री जितेन्द्र गिरि, वरीय निजी सहायक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को विज्ञापन, आवेदन प्रपत्र सहित, निगम के वेबसाईट पर upload करने हेतु प्रेषित।

19.11.26
सचिव